उनके लिए हमने हाई रेजोल्यूशन मास क, स्पेक्ट्रोमीटर एचओएमएस के लिए आर्डर कर दिया है, जिनकी जून तक हमें मिलने की संभावना है। **ये** सब मिलने के बाद,जिन इक्विपमेंट्स के बारे में, मशीनों के बारे में आप बात कर रहे हैं, वे सभी प्रायः हमारे पास हमारी लैब में आ जाएंगी और वह पूरी तरह से इक्विप्ड हो जाएगी।

श्री सभापति : नेक्स्ट क्वेश्चन ।

श्री संतोष बागड़ोदिया : सर, मेरी सैकिंड सप्लीमेंट्री अभी है।

श्री सभापति : आगे युवकों का प्रश्न है। बूढ़े आदमी को तो पूछना ही नहीं चाहिए।

श्री संतोष बागड़ोदिया : सर, मेरा सैकिंड सप्लीमेंट्री आप अलाऊ करिए, बड़ी मुश्किल से लाटरी खुलती है ।

श्री सभापति : आगे युवकों का प्रश्न है।

श्री संतोष बागड़ोदिया : मैं युवतियों की बात करूंगा। युवकों की बात हो गई, मैं सुनिता रानी के बारे में बात करूंगा ।

सर, सुनिता रानी का केस हिन्दुस्तान में बहुत फेमस और इम्पोर्टेंट केस हुआ है। उस केस को ध्यान में रखते हुए मैं यह जानना चाहता हूं कि क्या गवर्नमेंट का कोई प्लान है जिससे कि आप ऐथलीट्स और दूसरे स्पोर्टस् परसन्स को रेगुलरली टैस्ट करते रहे so that इस तरह के ऐपिसोड नहीं हों? इस तरह के ऐपिसोड में सुनिता रानी ने क्लेम किया है कि उनके जो कोच है, फार्मासिस्ट हैं, डाइटीशियन हैं, उन सबके ऊपर चर्चा हुई है, तो मैं जानना चाहता हूं कि इस बारे में गवर्नमेंट का क्या एक्शन होगा जिससे कि ऐसे ऐपिसोड दोबारा न हों?

श्री विक्रम वर्मा : माननीय सभापति जी, एक पूरी स्कीम फार डोप टैस्ट हमने बनाई है और डोप टैस्ट स्कीम के अंतर्गत ही यह सारी अपग्रेडेशन और सर्टिफिकेशन की कार्रवाई हुई है। इसके साथ जैसा अभी माननीय सदस्य ने पूछा है, हम बीच-बीच में रेंडम टैस्ट भी करते हैं। जहां जहां हमारे ट्रेनिंग कैम्पस् है, वहां भी बराबर इंक्वायरी होती है, चैकिंग होती है सब प्रकार से और कहीं किसी प्रकार की कोई गलती न हो, इसको रोकने के पूरे प्रयास हो रहे हैं हमारे पास सुनिता रानी या किसी अन्य के द्वारा किसी प्रकार की कोई कम्प्लेंट, किसी के भी खिलाफ, आएगी तो निश्चित रूप से हम उनके खिलाफ भी कार्रवाई करने के लिए तैयार हैं।

Declaration of National Youth Policy

*694. SHRI VIJAY J.DARDA: WU1 the Minister of YOUTH AFFAIRS AND SPORTS be pleased to state;

(a) whether it is a fact that the Prime Minister had announced that National Youth Policy would be announced by 12th of January this year; and

(b) by when this policy is likely to be declared ?

THE MINISTER OF YOUTH AFFAIRS AND SPORTS (SHRIVDCRAM VERMA): (a) and (b) A statement is laid on the Table of the House.

Statement

(a) and (b) No, Sir. The Prime Minister has not made any categorical reference that National Youth Policy would be announced by 12th January, 2003. No stipulated date has been fixed for declaration of the National Youth Policy.

However, the process of formulating the New National Youth Policy is continuing for the last few years in const Itation with State Governments, Central Ministries/Departments, Universities, foiith Wings of Political Parties and Voluntary Organisations.

श्री विजय जे. दर्डा : आदरणीय सभापति महोदय, मंत्री जी ने अपने जवाब में कहा है कि प्रधान मंत्री जी ने ऐसी कोई भी घोषणा नहीं की है और राष्ट्रीय युवा नीति, जो 1988 में बनी थी, उस पर अभी भी विचार चल रहा है, उस पर अभी तक आपने कोई भी निणर्य नहीं लिया है। मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि कब तक आप इस नीति की घोषणा करेंगें?

श्री विक्रम वर्मा : सभापति जी, माननीय सदस्य का प्रश्न था कि क्या 12 जनवरी, 2003 तक युवा नीति की घोषणा कर दी जाएगी या ऐसी माननीय प्रधान मंत्री जी ने घोषणा नहीं की थी । जहां तक युवा नीति का प्रश्न है, राज्यों से, राज्य सरकारों से, केन्द्रीय मंत्रालयों से,विश्वविद्यालय, राजनीतिक पार्टियां, उनके यूथ विंग्स सबसे डिस्कशन पूरा हो चुका है। उसका ड्राफ्ट भी तैयार हो चुका है। अब जो प्रक्रिया है कि केबिनेट में जाना है, केबिनेट की ऐप्रूवल के बाद फिर उसको सदन में पुट-अप करना है, यह प्रक्रिया हम प्रारंम्भ करने जा रहे हैं। जैसे ही यह प्रक्रिया पूरी हो जाएगी, इसकी घोषणा कर दी जाएगी ।

श्री सभापति : नेक्स्ट क्वेश्चन ।

श्री विजय जे. दर्डा : सर,..

श्री सभापति : अब क्या? जब कह दिया कि प्रधान मंत्री जी ने घोषणा ही नहीं की तो क्वेश्चन किस बात का?

श्री विजय जे. दर्डा : सर, अभी मेरा दूसरा सप्लिमेंट्री रहता है।

श्री सभापति : बस, हो गया।

श्री विजय जे. दर्डा: एक ही हुआ, सर ।

श्री सभापति : एक ही बहुत महत्वपूर्ण था। प्रश्न संख्या 695 ।